आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 39 लखनऊ, शनिवार 21 जनवरी 2023 से 27 जनवरी 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## जौहरी ने बनाई पीएम मोदी की सोने की मूर्ति, फैंस भी हो रहे क्रेजी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भारत के साथ–साथ पूरे विश्व में है। प्रधानमंत्री को लेकर लोगों में एक जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। हर कोई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी खींचाना चाहता है। इन सब के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक ऐसी दीवानगी भी सामने आई है कि उनकी सोने की मूर्ति बना दी गई है। इस मूर्ति को मुंबई गोल्ड प्रदर्शनी में प्रदर्शित पर किया गया है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भी लोगों के बीच कितना लोकप्रिय है। यहां आने वाले लोग



इस मूर्ति के साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की यह मूर्ति १८ कैरेट सोने से बनी है। जौहरी के मुताबिक हाल में ही गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने १५६ सीटें जीती थी। इसी के उपलक्ष में उसने यह मूर्ति बनाई है। मूर्ति का वजन भी १५६ ग्राम बताया जा रहा है। इसे बसंत बोहरा ने बनाई है। बसंत बोहरा ज्वेलरी बनाने वाली कंपनी राधिका चेंज के मालिक हैं। लोगों के बीच यह मूर्ति फिलहाल चर्चा का विषय है। जौहरी के मुताबिक वह इस मूर्ति को नहीं भेजेंगे। बसंत बोहरा राजस्थान के मूल निवासी हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशंसक भी हैं।

## सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ में किया पूजन, गाजीपुर में करेंगे जनसभा

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी के दौरे पर हैं। आज सुबह सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ के दरबार में दर्शन–पूजन किया। थोड़ी ही देर में सीएम योगी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ गाजीपुर रवाना होंगे। जहां वो एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। दरअसल, जेपी नड्डा का कार्यकाल राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर एक साल जैसे ही बढ़ा वो सबसे पहले यूपी ही आए हैं। उसमें भी उन्होंने पूर्वांचल को चुना है। दिल्ली में पार्टी की जो राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक हुई उसमें यूपी को लेकर नई रणनीति तैयार की गई है और जेपी नड्डा का यह दौरा उसी रणनीति का हिस्सा है। जेपी नड्डा सबसे पहले वाराणसी पहुंचे जो खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है और फिर काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा की। इसके



बाद जेपी नड्डा बीजेपी का जो एजेंडा है उसे आगे बढ़ाएंगे और आज सीएम योगी के साथ गाजीपुर में जनसभा करेंगे। दोपहर में आईटीआई मैदान गाजीपुर में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे।

## गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने गश्त बढ़ाई, आतंकवाद–रोधी उपायों को मजबूत किया

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह से पहले राष्ट्रीय राजधानी में आतंकवाद–रोधी उपाय तेज कर दिए हैं और गश्त बढ़ाई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' और 'मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन' के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे हैं और उन्हें गणतंत्र दिवस के लिए किए गए सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और कुछ भी संदिग्ध लगने पर इसके बारे में सूचित करने का भी आग्रह किया है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर भी जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस ने कहा कि किरायेदारों और नौकरों का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं में भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि असामाजिक तत्व या कोई संदिग्ध इन जगहों को ठिकाना नहीं बना सके। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था)दीपेंद्र पाठक ने कहा, ''हमने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है और आतंकवाद–रोधी उपाय मजबूत किए गए हैं। हम किसी भी असामाजिक तत्व या आतंकवादी को अपने मंसूबे में सफल नहीं होने देंगे।

## महिला विकास मंत्री का विवादित बयान, कहा– प्यार–व्यार नहीं, अपोजिट सेक्स का होता है आकर्षण

लखनऊ। प्यार–व्यार कुछ नहीं होता है, ये केवल अपोजिट सेक्स के लिए आकर्षण है। ये बयान योगी सरकार की महिला विकास राज्यमंत्री ने इटावा में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में दिया है। बेटी बचाओ –बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने लड़कियों को लेकर कई नसीहत दे डालीं। उन्होंने कहा कि हर मां को



ये ध्यान रखना चाहिए कि इस उम्र में अगर बेटियां ज्यादा सजधज कर निकल रही हैं तो जरूर कहीं गड़बड़ है। सिर्फ इतना ही नहीं मंत्री ने लड़कियों के साथ–साथ लड़कों को भी नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि यदि बेटा अधिक खर्चा कहीं कर रहा है तो वहां भी गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को अपोजिट सेक्स के चक्कर में न पड़ने की सलाह दी। उन्होंने माताओं को सचेत किया कि बेटी सज धज कर निकल रही है तो मामला गड़बड़ है। उन्हें संभलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को प्यार– मोहब्बत के सपने नहीं देखने चाहियें। इसके बजाये अपने लक्ष्य पर फोकस करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों की बढ़ती उम्र में मां बाप की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि उनके बेटे या बेटी कहां जा रहे हैं, किससे मिल रहे हैं और क्यों मिल रहे हैं। वहीं बेटियों को भी चाहिए कि वो अपनी मां को दोस्त समझें और हर बात की चर्चा करें। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि बेटियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं।

## केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री बोले देश में रोजगार देने का चलाया जा रहा ऐतिहासिक अभियान

लखनऊ। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सरकारी और गैर सरकारी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि रोजगार देने का इतना बड़ा अभियान आज तक देश के इतिहास में नहीं चलाया गया है उन्होंने कहा कि खुशी इस बात की है कि जो कई सालों से नियुक्तियां नहीं हो पाई और लंबित पड़ी थी, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजी से काम करके इन नियुक्तियों को किया है। वह शुक्रवार को राजधानी स्थित इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेला नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागों में लंबे समय से नियुक्तियां नहीं हो पाई थी उनके लिए प्रधानमंत्री ने पिछले तीन से चार



महीने में निर्देश देकर फाइलों को क्लियर किया और नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं फिलहाल दस लाख लोगों को नौकरियां देने का कार्यक्रम चल रहा है उन्होंने बताया कि आज भी पूरे देश में प्रधानमंत्री के माध्यम से लगभग ७१ हजार नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं। स्वरोजगार के माध्यम से सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसके अलावा सरकारी क्षेत्र में भी काफी नौकरियां दी जा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री के संकल्प का ही नतीजा है कि आज रोजगार के अवसर अधिक हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेले में शुक्रवार को रेलवे ,सुरक्षाबलों, रेवेन्यू ,अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय , डाक सहित अन्य विभागों में कर्मचारियों और अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं। जिसमें विभिन्न विभागों के १६२ लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## ३०–३१ जनवरी को धरना देंगे बैंककर्मी

लखनऊ। यूनाइटेड फोरम अफ बैंक यूनियन्स के बैनर तले ३० और ३१ जनवरी को सभी बैंक कर्मी दो दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल में शामिल होंगे। जिसको लेकर आज राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने अपनी मांगो को लेकर बैंक कर्मियों ने धरना दिया। बता दें कि यूनाइटेड फोरम अफ बैंक यूनियन्स ६ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन दे रहे हैं। जिसमें ५ दिवसीय बैंकिंग यानी कि शनिवार और रविवार अवकाश घोषित किया जाए, ११वें वेतन संशोधन के लिए चार्टर ऑफ डिमांड के मुद्दो पर समाधान होना, बैंकों ने पर्याप्त भर्ती हो, नई पेंशन को रद्द करके पुरानी पेंशन बहाल की जाए, बैंक कर्मियों के काफी समय से लंबित मुद्दों को जल्दी से जल्दी निवारण किया जाए और १२वें वेतन संशोधन की मांग पर तत्काल एक्शन लिया जाए।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान की कलई भी खुल रही

आटे और अन्य खाद्य पदार्थों की भीषण कमी का सामना कर रहे पाकिस्तान ने इस समय पाकिस्तान अधिंत कश्मीर के लोगों को भूखे मरने के लिए छोड़ दिया है। पूरे पाकिस्तान अधिंत कश्मीर में इस समय जिस तरह के विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं वह दर्शा रहे हैं कि पाकिस्तान सरकार इस क्षेत्र पर से अपना कंट्रोल पूरी तरह खोती जा रही है। अगर यहां हालात कुछ और समय ऐसे बने रहे तो पाकिस्तान के और टुकड़े होने से कोई नहीं रोक पायेगा। पीओके में कुछ सामाजिक कार्यकर्ता तो यहां तक मांग कर रहे हैं कि स्थिति और बिगड़ती है तो भारत को हस्तक्षेप करना चाहिए। हम आपको बता दें कि पीओके में जो हालात हैं वह दर्शा रहे हैं कि गली–गली शहबाज शरीफ सरकार के पुतले फूंके जा रहे हैं, पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नारेबाजी की जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में तो दर्शाया गया है कि प्रदर्शनकारियों को समझाते समय पाकिस्तानी सेना के अधिकारी घबराये हुए दिख रहे थे। जनता का जो गुस्सा इस समय पीओके में दिख रहा है वह किसी भी स्थिति को अंजाम दे सकता है। पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को डर सता रहा है कि पीओके के लोगों की जमीन पर कब्जा कर उन्होंने जो अपने आलीशान मकान बनाये हुए हैं कहीं जनता का गुस्सा उन पर ना फूट जाये इसलिए पाकिस्तानी सेना के अधिकारी सुरक्षाकर्मियों को अपने घरों पर छोड़कर खुद रावलपिंडी या इस्लामाबाद भाग गये हैं। पीओके में सिर्फ पुरुष ही सड़कों पर हैं, ऐसा नहीं है। महिलाएं भी प्रदर्शन कर बुनियादी जरूरतों की वस्तुओं की कमी के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार को कोस रही हैं। गिलगिट बाल्टिस्तान क्षेत्र के लोग भी सरकार विरोधी प्रदर्शनों में बढ़–चढ़कर भाग ले रहे हैं। हम आपको सभी जगह सरकारी राशन की दुकानें बंद हो चुकी हैं। इस्लामाबाद, लाहौर या कराची या अन्य किसी पाकिस्तानी शहर से कोई खाने–पीने का सामान यहां आ नहीं रहा है जिससे पीओके के लोगों के पास खाने–पीने के सामान की किल्लत होने लगी है। कुछ और दिन आगे से खाने–पीने का सामान नहीं आया तो भूखे मरने की नौबत सच में आ जायेगी। इसलिए लोग सड़कों पर आग बबूला हो रहे हैं और पाकिस्तान से आजादी के नारे लगा रहे हैं। पीओके के गिलगिट बाल्टिस्तान क्षेत्र के प्रदर्शनकारियों की तो मांग है कि इस क्षेत्र को भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिला दिया जाये। इस क्षेत्र से हाल में जो वीडियो सामने आये हैं उनमें एक में मांग की जा रही है कि कारगिल सड़क को फिर से खोल दिया जाये ताकि यह क्षेत्र लद्दाख के साथ मिल सके। इसके अलावा सिंध में भी लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। यहां तो लोग खुलेआम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटआउट लेकर सड़कों पर नारेबाजी कर रहे हैं। पीओके के लोग सोशल मीडिया पर जिस तरह भारत सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं उससे पाकिस्तान की कलई भी खुल रही है।

## प्राविधिक शिक्षा विभाग में इन्वेस्टर समिट का आयोजन

लखनऊ। राजधानी में स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्वेश्वरैया सभागार में आज प्राविधिक शिक्षा विभाग ने विभाग से जुड़ी गतिविधियों में निवेश को लेकर इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया। इन्वेस्टर समिट में प्राविधिक शिक्षा एवं बाट माप विभाग मंत्री आशीष पटेल भी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा, एकेटीयू समेत अन्य तकनीकी विश्वविद्यालयों के कुलपति और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विभाग से जुड़े उद्योगों, शैक्षणिक समूहों, स्टार्टअप, इनक्यूबेटर और अन्य संस्थाओं से निवेश को लेकर चर्चा की गई।




बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राविधिक शिक्षा विभाग को ५००० करोड़ के निवेश का लक्ष्य दिया है। वहीं प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि विभाग से जुड़े १४७ इन्वेस्टरों ने विभिन्न संस्थानों, स्टार्टअप और उद्योगों के माध्यम से ३००० करोड़ का निवेश प्रस्ताव पर एमओयू किया गया। मंत्री आशीष पटेल ने आगे कहा कि जल्द ही हम ५००० करोड़ का लक्ष्य पूरा करेंगे। वहीं उन्होंने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में निवेश पर बात करते हुए कहा कि लोग निवेश के नए रास्ते बताएं, हमारी सरकार उनको लागू करके बेहतर अवसर के साथ भौतिक और वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराएगी।

## प्रदेश की सुधरी कानून व्यवस्था से बना यूपी में निवेश का माहौल : असीम अरुण

लखनऊ। बीते पांच वर्षों में प्रदेश में निवेश का माहौल बना है, इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश की सुधरी हुई कानून व्यवस्था है। बीते पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के फील्ड में काफी काम हुआ है। जिससे प्रदेश में निवेश के लिए एक बेहतर माहौल तैयार करने में हमारी सरकार कामयाब रही है। इसी का नतीजा है कि इन्वेस्टर समिट में अब इतना बड़ा निवेश लाने में सरकार कामयाब रही है। यह बात प्रदेश के समाज कल्याण विभाग मंत्री असीम अरुण ने कहीं। वह गोमती नगर के एक होटल में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग व उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा आयोजित इन्वेस्टर मीट में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। हमारी सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में निवेश चाहे ५००० करोड़ का हो या ५०० करोड़ का सभी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उद्योगों व निवेशकों को इसके लिए जो भी मदद हमारे विभाग और सरकार से चाहिए वह उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है।' मंत्री असीम अरुण ने कहा कि 'इन्वेस्टर समिट के रोड शो के दौरान वह चेन्नई गए थे. वहां के निवेशकों ने उनसे पूछा कि क्या आपके प्रदेश में कुशल कामगार मौजूद




हैं।' उन्होंने बताया कि ष्इस पर मैंने इन्वेस्टर्स को बताया कि उत्तर प्रदेश मौजूदा समय में सबसे अधिक लेबरों वाला प्रदेश है, खास तौर पर हमारे यहां स्किल्ड लेबर सबसे अधिक हैं, जो आज पूरे देश में उद्योगों में काम कर रहे हैं। इसके अलावा हमारे पास उपजाऊ जमीन, सालभर बहने वाली नदियां मौजूद हैं, जो किसी भी उद्योग को स्थापित करने के लिए पहली प्राथमिकता है।' उन्होंने कहा कि ष्इस इन्वेस्टर मीट के माध्यम से हम हर उस छोटे बड़े निवेशकों तक पहुंचना चाहते हैं जो प्रदेश में निवेश करने के लिए तैयार हैं। इस इन्वेस्टर मीट के माध्यम से हम उनकी क्या डिमांड है उसको समझेंगे, उसके अनुसार उनके लिए जो भी नीतिगत निर्णय व इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होगी वह सरकार द्वारा मुहैया कराई जाएगी। १० से १२ फरवरी तक हो रहे ग्लोबल इन्वेस्टर समिट ब्रांड यूपी को न केवल मजबूत करेगा। बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा।'

## होटल मालिक पर युवतियों ने लगाया पार्टी में अश्लीलता करने का आरोप

लखनऊ। राजधानी में गोमतीनगर इलाके में स्थित एक होटल के मालिक पर युवतियों से अश्लीलता करने का आरोप लगा है। आरोप है कि बर्थडे पार्टी करने गई लड़कियों के साथ होटल के मालिक ने अश्लीलता की। जब इसका उन्होंने व उनके दोस्तों ने विरोध किया तो इनकी पिटाई कर दी गई, हालांकि होटल मालिक का आरोप है कि लड़कियों को होटल में शराब पीने से मना किया गया था, जिसके बाद लड़कियों के दोस्तों से होटल स्टाफ से मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजधानी के चिनहट इलाके की रहने वाली पीड़िता के मुताबिक, बीते १५ जनवरी को वह अपने कुछ दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी करने के लिए गोमती नगर के ग्वारी स्थित एक कैफे गई थी। आरोप है कि पार्टी के दौरान कैफे में मौजूद नशे में धुत वहां के मालिक व उसके दोस्तों ने पीड़िता व उसकी सहेली के साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। जिस पर पीड़िता के पुरुष दोस्तों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनकी पिटाई कर दी, जिसके बाद वो जैसे तैसे आरोपियों की कार लेकर वहां से निकल गए। वहीं कैफे मालिक का आरोप है कि ष्१५ जनवरी को उनके कैफे में दो लड़कियां अपने अन्य ५ दोस्तों के साथ आई थीं। इस दौरान इन लोगों ने अपने बैग से शराब निकाल कर टेबल पर रख दी, इसका उनके मैनेजर ने विरोध किया तो उसकी पिटाई करने लगीं, यही नहीं फर्जी मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी और वहां से उनकी कार ले गईं।

## प्रो. विनय पाठक प्रकरण में वादी ने दी चुनौती

लखनऊ। कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक के खिलाफ इंदिरा नगर थाने में दर्ज वसूली व भ्रष्टाचार मामले की जांच सीबीआई से कराने के राज्य सरकार के फैसले को वादी डेविड मारियो डेनिस ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में चुनौती दी है। याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायालय ने सीबीआई व केंद्र सरकार के अधिवक्ताओं को याचिका पर आवश्यक



निर्देश प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई ३१ जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जौहरी की खंडपीठ ने डेविड मारियो डेनिस की याचिका पर पारित किया। इसके पूर्व ६ जनवरी को वादी ने अपनी याचिका सीबीआई जांच सम्बन्धी नोटिफिकेशन संलग्न न होने के कारण हतर याचिका दाखिल करने की अनुमति के साथ वापस ले ली थी। वर्तमान याचिका में भी वादी ने मामले की जांच सीबीआई से कराने के फैसले को चुनौती दी है। कहा गया है कि एसटीएफ ने मामले की जांच लगभग पूरी कर ली थी व चार्ज शीट दाखिल करने वाली थी, लेकिन अचानक से जांच सीबीआई को दे कर मामले के अभियुक्तों प्रो. विनय पाठक व उसके सहयोगी अजय मिश्रा के मदद का प्रयास किया जा रहा है। बहस के दौरान यह भी दलील दी गई कि जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, एडिश्नल सलिसीटर जनरल एसबी पांडेय का कहना है कि जांच ट्रांसफर करने में किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं हुई है। कहा गया कि वादी ने स्वयं पैसा देने की बात स्वीकारी है व इसकी पुलिस को सूचना भी काफी विलम्ब से दी जबकि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसे सात दिनों में सूचना देनी चाहिए थी। यह भी कहना है कि वादी के खिलाफ भी राजस्थान में एफआईआर दर्ज है।

# कॉउ मिल्क प्लांट के लिए पैसा नहीं, दावे हजारों करोड़ के होते है : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि भाजपा सरकार अपने झूठ के ताने–बाने से लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। लेकिन जनता के बीच उसकी कलाई खुल चुकी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ६ साल से भाजपा की सरकार में छुपाई के भ्रष्टाचार के प्रति अब लोगों के सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भले ही बड़े–बड़े निवेश के दावे कर रही है। लेकिन राज्य में कॉउ मिल्क प्लांट का बजट तक नहीं दे पा रही। इसकी वजह से डेयरी संचालक और पशुपालकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनके भुगतान भी अटके हुए हैं। सपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस के दावे कर रही है। लेकिन इसे



सच कौन मानेगा? सरकार खुद का लगाया हुआ प्लांट नहीं चला पा रही तो दूसरों को क्या कहेगी? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा घोटाला गड्ढों को भरने में हुआ है। प्रतापगढ़ में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रही सड़क पर झाडू लगाते ही गिट्टी उखड़ने लगती है। उन्होंने दावा किया कि सड़कों के गड्ढों में मिट्टी भरकर बस औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। पूरे प्रदेश में यही हाल है। सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने अपनी सरकार जाने के दिनों की उल्टी गिनती गिनना खुद्द ही शुरु कर दिया है। चंद अमीरों को लाभ पहुँचाने और जनता व देश को महँगाई, गरीबी, भ्रष्टाचार, मंदी, बेरोजगारी और नफरत के दलदल में झोंकने के बाद, जब हार सामने दिख रही है तब भाजपा को अल्पसंख्यकों की याद आयी है। शर्मनाक! वहीं, आगरा स्टेशन पर लगे कटआउट को लेकर भी उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सोचती है कि हर समस्या का समाधान होर्डिंग व बोर्ड लगाने से हो जाता है, इसीलिए जनता भाजपा से त्रस्त है। अगले चुनाव में भाजपा की विदाई तय है क्योंकि अब तो बंदर भी बंदर बनने के लिए तैयार नहीं है। अब भाजपा को अपनी उल्टी गिनती के काउंट डाउन का डिजिटल बोर्ड लगवा लेना चाहिए।

## अनुशासनहीनता के आरोप में डॉक्टर को कुलपति ने किया बर्खास्त

लखनऊ। अनुशासनहीनता के आरोप में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने एक डॉक्टर की बर्खास्तगी पर शुक्रवार को मोहर लगा दी। बर्खास्तगी से पहले केजीएमयू में कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित कार्य परिषद की बैठक में इस पर चर्चा के बाद ये निर्णय लिया गया। कुलपति कार्यालय को बीते दिनों बर्खास्त होने वाले डॉक्टर के बारे में जांच कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी थी, रिपोर्ट का परीक्षण के बाद निर्णय लिया गया हकेजीएमयू में कुलपति डॉ. बिपिन पुरी मौजूदगी में कार्यपरिषद की बैठक के नेत्र रोग विभाग के एक डॉक्टर का मामला रखा गया। नेत्र रोग विभाग के डॉक्टर का मामला करीब एक साल से चल रहा है। पांच जनवरी २०२२ को नेत्र रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. अपजीत कौर ने कुलपति को पत्र लिखा था। इसमें शिकायत में कहा गया कि आरोपी डॉक्टर ने बैठक में असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया। लिहाजा १८ फरवरी को कार्यपरिषद की आपात बैठक बुलाई गई। जिसमें डॉक्टर को आरोप पत्र देकर निलंबित कर दिया गया। आरोपी डॉक्टर ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने डॉक्टर को राहत दी। निलंबन को गलत ठहराया। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने उन्हें ज्वाइन कराया। कुछ ही समय बाद दोबारा निलंबित कर दिया। इस मामले में कमेटी ने भी जांच की थी। कमेटी में शामिल सदस्यों का कहना है कि डॉक्टर ने अनुशासनहीनता की हद कर दी है। इससे पहले पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉक्टर को बर्खास्त किया जा चुका है। केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि विश्वविद्यालय में कर्मचारी हो या डॉक्टर किसी की भी अनुशासनहीनता नहीं बर्दाश्त की जायेगी।

## मदरसों में भी अब होगी एन०सी०ई०आर०टी० किताबों से पढ़ाई

लखनऊ। जिस तरह बेसिक शिक्षा विभाग में एन०सी०ई०आर०टी० का पाठ्यक्रम लागू किया जायेगा उसी प्रकार प्रदेश के मान्यता प्राप्त ६ राज्यानुदानित मदरसों में भी चरणबद्ध तरीके से एन० सी० ई० आर० टी० का पाठ्यक्रम लागू किया जायेगा। यह निर्णय आज यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड की बैठक में लिया गया। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की आज बुधवार को अध्यक्ष, डद्य इफ्तिखार अहमद जावेद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में परिषद के सदस्यगण कमर अली, तनवीर रिजवी, डाद्य इमरान अहमद, असद हुसैन, आशीष आनन्द (वित्त एवं लेखाधिकारी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय) एवं जगमोहन सिंह (रजिस्ट्रार उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ) उपस्थित रहे। बेसिक शिक्षा विभाग ने हर साल अनुदानित मदरसों को कक्षा ०१ से ०८ तक की पाठ्य–पुस्तकें उपलब्ध कराये जाने के ष्टिगत पूर्व में परिषद द्वारा अपनी बैठक में एन०सी०ई०आर०टी० की पाठ्य–पुस्तकें राज्यानुदानित मदरसों में वितरण किये जाने हेतु



लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग की पुस्तकों को अनुमन्य किये जाने का निर्णय लिया और एन० सी० ई० आर० टी० की पुस्तकों की मांग को वापस लिये जाने पर सहमति व्यक्त की। अनुदानित मदरसों में कक्षा ०१ से ०८ तक अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ड्रेस वितरण में आ रही कठिनाइयों पर विचार–विमर्श करते हुए कठिनाइयों को दूर किया जायेगा। मदरसों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों को बेसिक शिक्षा विभाग की भांति ट्रेनिंग करवाई जाएगी। उ०प्र० अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन एवं सेवा विनियमावली २०१६ के संशोधन के संबंध में संशोधित विनियमावली प्रख्यापित किये जाने हेतु हितधारकों से प्राप्त सुझावों को विनियमावली में समाहित करते हुए संशोधित प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जायेगा। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गैर मुस्लिम बच्चों को प्रवेश देने वाले सभी मदरसों की जांच कराये जाने व मदरसों में पढ़ रहे गैर मुस्लिम बच्चों का प्रवेश अन्य विद्यालयों में कराये जाने की सिफारिश को सिरे से खारिज कर दिया।

## २१ जनवरी को राजकीय आईटीआई में रोजगार दिवस का होगा आयोजन

लखनऊ। २१ जनवरी २०२३ को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में उत्तर प्रदेश रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर भारत देश की अग्रणी निर्माण कम्पनी एफ्को इन्फ्राटेक प्रा० लि०, लखनऊ प्रतिभाग कर रही है। जिसके द्वारा मुम्बई के ब्रान्द्रा सी–लिंक परियोजना का निर्माण भी कार्य किया जा है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर, एम० ए० खाँ ने बताया कि रोजगार दिवस में आई०टी०आई० फिटर या इलेक्ट्रीशियनध्वायरमैन से उत्तीर्ण किये हुए अभ्यर्थी जिनकी आयु १८ वर्ष से २८ वर्ष के बीच हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है जिसके लिए कम्पनी द्वारा एक वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान १५००० रूप एवं प्रशिक्षण के उपरान्त सहायक के पद पर तैनात करते हुए २०००० रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा एवं साथ ही रहना खाना कम्पनी की तरफ निःशुल्क दिया जायेगा। रोजगार मेलों की जानकारी हेतु संस्थान के यू–ट्यूब चौनल पर या किसी भी कार्यदिवस में संस्थान के दूरभाष नम्बर ०५२२–७११८४६२ एवं ८८४०२४६५३६ पर प्रातः १० बजे से शाम ५ बजे तक वार्ता कर या व्हाट्सएप नम्बर ८८४०२४६५३६ पर मैसेज कर प्राप्त की जा सकती है।

## एलडीए वीसी के सास की बेनामी सम्पत्ति मामले में याचिका

संवाददाता। बेनामी सम्पत्ति के आरोप के मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी की सास मीरा पांडेय की याचिका पर गुरूवार को भी हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। न्यायालय ने गुरूवार को आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस पर हस्तक्षेप से इंकार कर दिया व याची को आयकर विभाग की नोटिस का जवाब देने को कहा है। दरअसल याची को शुक्रवार तक नोटिस का जवाब देना है, इसीलिए उसकी ओर से इस पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई थी। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह याचिका पर शुक्रवार को भी सुनवाई करेगी और याची द्वारा नोटिस का जवाब देने भर से याचिका को निष्प्रयोज्य नहीं माना जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने मीरा पांडेय की याचिका पर पारित किया। याचिका में ५ जनवरी २०२३ को जारी नोटिस व प्रोविजनल अटैचमेंट के आदेश को चुनौती दी गई है। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर व अभिनव एन त्रिवेदी ने याचिका में तर्क दिया है कि उक्त नोटिस व आदेश अविधिक हैं व क्षेत्राधिकार के बाहर जाकर जारी किए गए हैं। गुरूवार को सुनवाई के दौरान याची की ओर से अनुरोध किया गया कि नोटिस में जवाब देने का समय शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा लिहाजा उसे फिलहाल कोई अंतरिम राहत दी जाए। हालांकि न्यायालय ने इससे इंकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि मामला जियामऊ, विक्रमादित्य वार्ड के सृजन विहार कलोनी की एक सम्पत्ति का है। ३६८० वर्ग फुट की उक्त सम्पत्ति २३ अप्रैल २०१६ को मीरा पांडेय के नाम से ८२ लाख रुपये में खरीदी गई। आयकर विभाग का आरोप है कि मीरा पांडेय ने की २०१५–१६ में कुल आय ७.३० लाख थी और यही नहीं उक्त सम्पत्ति पर ढाई मंजिल के मकान के निर्माण में भी एक करोड़ पांच लाख रुपये खर्चने का आरोप है।

## रद्द किया गया १८ जनवरी से आयोजित होने वाला कुश्ती प्रशिक्षण शिविर

लखनऊ। राजधानी में १८ जनवरी से आयोजित होने वाला कुश्ती प्रशिक्षण शिविर रद्द कर दिया गया है। स्पोर्ट्स अथरिटी अफ इंडिया के लखनऊ सेंटर के गेट पर ताला जड़ दिया गया है। सूत्रों के अनुसार इसको लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है लेकिन ये कवायद कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के मामले से जोड़कर होना मानी जा रही है। यहाँ पर किसी भी बाहरी व्यक्ति की एंट्री बैन कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय कुश्ती महासंघ ने विवाद बढ़ने के बाद २२ जनवरी को अयोध्या में एजीएम की बैठक बुलाई है। इस बैठक में डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने आरोप लगाया था कि बृजभूषण शरण सिंह जानबूझकर लखनऊ में कैंप लगाते हैं। यहां पर महिला पहलवानों का शोषण किया जाता है। उनका आरोप था कि वे लखनऊ की जगह दिल्ली में पिछले कई सालों से कैंप लगवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी इस मांग को खारिज कर दिया जाता था। साई सेंटर में पिछले कई सालों से देश की टॉप महिला पहलवानों को प्रशिक्षित किया जाता रहा है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत २०२७ तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में भारत २०२७तक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। वर्तमान में भारत विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। राजनाथ सिंह यहां पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी के तेरहवीं में शामिल होने आए थे। रक्षा मंत्री ने केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी और बहू कविता यादव त्रिपाठी से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। केसरी नाथ त्रिपाठी का आठ जनवरी को उनके घर पर निधन हो गया था। पाकिस्तान की माली हालत और वहां की जनता के समक्ष उत्पन्न अन्न संकट के बारे में पूछे जाने



पर राजनाथ सिंह ने पत्रकारों से कहा, ''चाहे पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) हो या पाकिस्तान हो, हमारी हमेशा से कामना है कि जनता सुखी रहे। भारत ने हमेशा से ही पूरे विश्व को अपना परिवार माना है। इसलिए हमारी कामना है कि कहीं भी कोई भूख प्यास से दम ना तोड़े और सभी सही सलामत रहें।'' तेरहवीं में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा, ''पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी हम सभी के मुखिया थे और उनका ना रहना, प्रदेश और देश के लिए अपूर्णीय क्षति है।'' स्वर्गीय केसरी नाथ त्रिपाठी के तेरहवीं में राज्य के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कई सांसद और विधायकों के साथ ही उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और नगर के गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नि दोषी करार

लखनऊ। प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की आरोपी मधु अस्थाना को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश मयंक त्रिपाठी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर ३५ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में फरार चल रहे मधु अस्थाना के प्रेमी नीरज की गिरफ्तारी अब तक न किए जाने व विवेचना लम्बित रखने को लेकर अदालत ने निर्णय की प्रति पुलिस महानिदेशक को भेजे जाने का आदेश दिया है तथा कहा है कि अभियुक्त नीरज के मामले में विवेचना अभी तक पूर्ण नहीं की जा सकी है, यही नहीं विवेचना की प्रगति से भी न्यायालय को आज तक अवगत भी नहीं कराया गया है। अदालत में विशेष अधिवक्ता देवेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी जनक राज ने २५ फरवरी २०१७ को मड़ियांव थाने में दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसने रहीम नगर डूडोली थाना मड़ियांव के मकान को रहने के लिए अपने मुंह बोले भांजे शिवा सक्सेना को दिया था, जहां पर शादी के बाद वह अपनी पत्नी मधु अस्थाना के साथ रहने लगा। अदालत को बताया गया कि डूडोली में रहने के दौरान मधु अस्थाना का अपने पति की मौसी के लड़के नीरज से प्रेम सम्बंध हो गया तथा एक दिन शिवा सक्सेना ने पत्नी और नीरज को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया, जिसके बाद दोनों ने मिलकर शिवा सक्सेना की हत्या कर दी और उसकी लाश को पानी की टंकी में डाल दिया। कहा गया कि रिपोर्ट लिखाए जाने के बाद वादी व पुलिस वालों ने जब मधु अस्थाना से पूछताछ की तो पहले उसने आनाकानी की लेकिन बाद में उसने अपने पति शिवा सक्सेना की लाश को टंकी से बरामद कराया। पूरे मुकदमे के विचारण के दौरान मधु अस्थाना जेल में रही तथा उसके मुकदमे की पैरवी करने के लिए सरकारी वकील दिया गया था।

# मनीष सिसोदिया ने फिनलैंड में दिल्ली के शिक्षकों के प्रशिक्षण का प्रस्ताव एलजी को फिर से भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राज्य सरकार के स्कूली शिक्षकों के लिए फिनलैंड आधारित प्रशिक्षण का प्रस्ताव उपराज्यपाल को फिर से भेजा है। सिसोदिया ने कहा कि इससे पहले एलजी ने निर्वाचित सरकार की मंजूरी के बावजूद फाइल पर आपत्ति जताकर फिनलैंड स्थित शिक्षकों के प्रशिक्षण को दो बार रोका था। इस बार पेश किए गए प्रस्ताव में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लागत–लाभ विश्लेषण सहित सभी पहलुओं से प्रस्तावों की



जांच की है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने के लिए इसे आवश्यक पाया है। अगर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने अपने शिक्षकों को विदेश भेजने का फैसला किया है, तो एलजी बार–बार हल्की–फुल्की आपत्तियां के जरिए इसे कैसे रोक सकते हैं? सिसोदिया ने कहा कि ये लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ है कि एक अनिर्वाचित व्यक्ति लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के लगभग हर फैसले को बदल रहा है। हमारे देश का अभिजात्य वर्ग सामंती मानसिकता का शिकार है। वे अपने बच्चों को विदेश भेजना चाहते हैं लेकिन गरीब बच्चों के शिक्षकों को विदेश भेजे जाने पर भी वे इसका कड़ा विरोध करते हैं और लागत–लाभ विश्लेषण की मांग करते हैं। एलजी की टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी प्रतिगामी सामंती मानसिकता का २१वीं सदी के भारत में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, एलजी के पास मंत्रिपरिषद के किसी भी निर्णय के लागत–लाभ विश्लेषण का आदेश देने की शक्ति नहीं है। सिसोदिया ने कहा कि मैं एलजी को याद दिलाना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश न केवल हर भारत के लिए बाध्यकारी हैं बल्कि कानून बन गए हैं। दिल्ली के 'प्रशासक' की शक्तियाँ असीमित नहीं हैं। उन्हें संविधान और सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न आदेशों में परिभाषित किया गया है...एल–जी किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं कर सकता है। वह इसे केवल राष्ट्रपति को संदर्भित कर सकता है। एलजी ेपया सूचित करें कि क्या वह प्रस्ताव को मंजूरी देंगे या इसे राष्ट्रपति को भेजेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश का कुलीन वर्ग सामंती मानसिकता से ग्रस्त है। जबकि वे अपने बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा के लिए विदेश भेजना चाहते हैं, वे कड़ी आपत्ति करते हैं और लागत लाभ विश्लेषण की मांग करते हैं जब गरीब बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी ऐसा करने का प्रस्ताव दिया जाता है।

# अब तालमेल नहीं करेगी बसपा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने रविवार को अपने जन्मदिन के मौके पर ऐलान किया कि उनकी पार्टी अब किसी पार्टी के साथ तालमेल नहीं करेगी। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष का मोर्चा बनाने के प्रयासों को इस ऐलान से झटका लगेगा। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा का उनकी पार्टी अकेले लड़ेगी। फिलहाल उनका सिर्फ पंजाब में अकाली दल के साथ तालमेल था। दोनों पार्टियां पिछले साल विधानसभा का चुनाव मिल कर लड़ी थीं। वह गठबंधन भी अब समाप्त हो जाएगा। बहरहाल, मायावती ने अपने जन्मदिन पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गठबंधन नहीं करने का ऐलान करते हुए कहा– ऐसा मैं इसलिए कह रही हूं। क्योंकि कांग्रेस पार्टी अभी से गठबंधन का गलत प्रचार करने लगी है। उन्होंने कहा– २०२३ में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और जहां भी चुनाव होंगे, बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव में भी किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। एक बार फिर मुस्लिम वोट को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करते हुए मायावती ने अल्पसंख्यकों से कहा– बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि हम लोगों को अपने खुद के पैरों पर खड़ा होना है। भाईचारा बनाकर रखना होगा, सत्ता की चाबी अपने हाथों में लेनी होगी। उन्होंने कहा कि जातिवादी लोगों के चलते उन लोगों को हक नहीं मिला। आरक्षण के प्रति सभी दल कांग्रेस–बीजेपी–सपा कोई ईमानदार नहीं रहा है। बसपा प्रमुख



ने एक बार फिर से बैलेट पेपर से चुनाव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में ईवीएम से होने वाले चुनाव को लेकर लोगों में आशंकाएं हैं। ऐसे में छोटे–बड़े चुनाव सीधे बैलेट से कराए जाने चाहिए। कांग्रेस पर हमला करते हुए मायावती ने कहा कि केंद्र में लंबी सरकार होने के बावजूद कांग्रेस ने मंडल कमीशन की सिफारिश को लागू नहीं होने दिया। अब भाजपा भी आरक्षण के हक को मार रही है। इससे यूपी निकाय चुनाव भी प्रभावित हो चुके हैं। मायावती ने भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा यूपी में निवेश के नाम पर नाटकबाजी चल रही है।

# रोडवेज बस पलटी, ४० यात्री घायल

महाराजगंज। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में गोनेरियाबाबू के पास राज्य परिवहन निगम की एक बस के, पुल की रेलिंग से टकराकर पलट जाने से उसमें सवार ४० यात्री घायल हो गये। महराजगंज के सदर कोतवाली थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि गोरखपुर से महाराजगंज आ रही इस बस में कुल ५१ लोग सफर कर रहे थे। घटना बुधवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। महराजगंज के सदर कोतवाली थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि २४ घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राय ने कहा कि १६ अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच की जा रही है। उधर, महराजगंज के जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक कौस्तुभ ने बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल का दौरा किया, जहां घायलों का इलाज चल रहा हैं।

# आशीष मिश्रा की जमानत का किया विरोध

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का बृहस्पतिवार को विरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में कहा कि यह अपराध घिनौना एवं गंभीर है। आशीष मिश्रा केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे हैं। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की पीठ से कहा कि अपराध गंभीर है। उन्होंने कहा, यह एक गंभीर व घिनौना अपराध है और इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। गौरतलब है कि तीन अक्टूबर २०२१ को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में उस समय हुई हिंसा में आठ लोग मारे गए थे, जब किसान क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था, जिसमें आशीष मिश्रा भी सवार था। घटना से आक्रोशित किसानों ने एसयूवी के चालक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर पीट पीटकर जान ले ली थी। हिंसा में एक पत्रकार भी मारा गया था।

# डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों ने भारत की जी२० अध्यक्षता की सराहना की


नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक अधिकारी ने जी२० 'हेल्थ वर्किंग ग्रुप' (स्वास्थ्य कार्य समूह) की बैठक में भारत की अध्यक्षता को ''इतिहास का बेहतरीन क्षण'' बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे 'ग्लोबल साउथ' की आवाज बुलंद होगी। डब्ल्यूएचओ की विशेष दूत (एसीटी–एक्सीलरेटर) अयोदे अलकिजा ने कहा कि वह ग्लोबल साउथ सहयोग को देखने की इच्छुक हैं जिसे नई विश्व व्यवस्था में साथ लाया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह प्रक्रिया निश्चित रूप से इसमें मदद करेगी। अलकिजा ने कहा, '' भारत की जी२० अध्यक्षता इतिहास में एक बेहतरीन क्षण है, क्योंकि भारत आने वाले कई दशकों के लिए वैश्विक स्वास्थ्य का ढांचा तय करने जा रहा है और यह अगले कुछ महीनों में तय होने जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि दुनिया न केवल चर्चा के लिए भारत आ रही है, बल्कि उससे सीखने के लिए भी आ रही है क्योंकि देश में वित्त से लेकर स्वास्थ्य व बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में 'डिजिटल' परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा बैठक जो आज समाप्त




होगी, वह यह सीखने के लिए एक मंच होगी कि हम इस 'ग्लोबल साउथ' (अफ्रीका, भारत, लैटिन अमेरिका आदि) एक–दूसरे से कैसे सीख सकते हैं। अलकिजा ने कहा, '' हम अपने अनुभवों को कैसे साझा कर सकते हैं, एक साथ नवाचार कैसे कर सकते हैं और हम जैसी दुनिया चाहते हैं उसका सह–निर्माण कैसे कर सकते हैं...वह दुनिया जो सही मायने में हमारे लिए हो...'' अधिकारी ने कहा कि वह केरल आकर और यहां गर्मजोशी से हुए स्वागत को देखकर काफी खुश हैं। इस बीच, डब्ल्यूएचओ के 'डिजिटल हेल्थ एंड इनोवेशन' के निदेशक डॉ. एलेन लैब्रीक ने कहा कि पांच साल पहले का भारत आज के भारत से काफी अलग है। दुनिया भर के देशों और 'ग्लोबल साउथ' के लिए भी ऐसा ही कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, '' इसलिए, हमें यह सोचना होगा कि हम आज कहां हैं, लेकिन कल के लिए भी तैयार रहना होगा और यह ध्यान रखना होगा कि इस प्रौद्योगिक क्रांति से सभी का फायदा होना चाहिए।'' जी२० की भारत की अध्यक्षता के तहत पहली 'हेल्थ वर्किंग ग्रुप' की बैठक शुक्रवार को यहां संपन्न होगी। भारत ने एक दिसंबर २०२२ को जी२० की अध्यक्षता संभाली थी।

# 'वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देने वाला भारत है', राजनाथ बोले- चाहे POK हो या पाकिस्तान, कहीं संकट में ना रहे

नई दिल्ली। पाकिस्तान इस वक्त भीषण संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान में महंगाई को लेकर हाहाकार मची हुई है। संकट के बीच ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत से बातचीत की पेशकश की थी। इन सब के बीच पाकिस्तान को लेकर राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया है। दरअसल, राजनाथ सिंह से पाकिस्तान संकट को लेकर पूछा गया था। उन्होंने कहा कि चाहे पाक अधिंत कश्मीर हो या फिर पाकिस्तान हो, कहीं भी संकट ना रहे। हम सभी के सुखी रहने की कामना करते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत वासुदेव कुटुंबकम का संदेश देने वाला देश है। हम पूरी दुनिया को परिवार के रूप में देखते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर भी राजनाथ ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है और विशेषज्ञों के मुताबिक २०२७ तक टॉप ३ में आ जाएगा। दूसरी ओर पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल– एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने कहा है कि देश में मौजूदा संकट के लिए पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख



जिम्मेदार हैं, जिन्होंने २०१८ के आम चुनाव में धांधली कर इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता में बैठाया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा और इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद ने अपनी निजी इच्छाओं और सनक के चलते पाकिस्तान को संकट में धकेलने का काम किया।

# मैं जितना लिखता हूं, उतना डर कम लगता है: रवीश कुमार

नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार ने शुक्रवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में कहा कि लेखन ने उन्हें अपने डर से बाहर निकलने में मदद की है और साथ ही उन्हें एक ऐसे मजबूत व्यक्तित्व में बदल दिया है, जो सत्ता में बैठे लोगों से सवाल कर सकता है। दी फ्री वयस , इश्क में शहर होना , देखते रहिए और रवीशपंथी जैसी किताबों के लेखक एवं पूर्व टीवी एंकर रवीश ने यहां १६वें जेएलएफ में द नेचर अफ फीयर सत्र में यह बात कही। इस सवाल पर कि सत्तासीन लोगों से सवाल करने की हिम्मत उन्हें कहां से मिलती है, रवीश ने कहा कि एक वक्त ऐसा भी होता है, जब उनमें ऐसा करने का साहस नहीं होता। उन्होंने कहा, दिमाग और शरीर पर कभी–कभी इतना प्रभाव पड़ता है कि मैं कई दफा छोड़ देता हूं और वह भी जब आप अकेले इसे कर रहे हैं। मैं पहले बहुत डरपोक इंसान हुआ करता था, यहां तक कि सड़क पार करने में डर लगता था। जो लोग मुझे उस समय से जानते हैं, वे हैरान होते हैं कि मैं इतना कैसे बोल लेता हूं? संचालक सत्यानंद निरूपम के साथ बातचीत में रवीश ने कहा, बहुत से क्षण ऐसे होते हैं, जो आपको हिम्मत देते हैं। लेखन ने मुझे आगे



बढ़ने में काफी मदद की है। जितना अधिक मैं लिखता हूं, उतना मुझे कम डर लगता है। जितना अधिक मैं बोलता हूं, उतना ही मेरा डर पहले से अधिक बेमानी होता जाता है। जब बोलने की प्रक्रिया खत्म होती है, तो डर फिर से सिर उठाने लगता है। यही कारण है कि मैंने अगले ही दिन लिखना शुरू कर देता हूं। जब आप लिखते हैं तो आप अपने आप से बातें करते हैं, कोई दर्शक नहीं होता। जितना अधिक आप खुद का सामना करते हैं, उतना ही आप खुद से लड़ेंगे। रवीश ने यहां जेएलएफ के चारबाग में दर्शकों की भारी भीड़ से मुखातिब होते हुए ये सब बातें साझा कीं। जब उनसे सवाल किया गया कि वह डर को कैसे परिभाषित करेंगे, तो उन्होंने जवाब से बचते हुए चुटकी ली कि ऐसे सवालों के जवाब केवल बाबा रामदेव की किताबों में मिल सकते हैं। हालांकि, उन्होंने साथ ही कहा कि इसकी परिभाषाएं समय और संदर्भ से बंधी होती हैं। उन्होंने कहा, मेरे अपने डर, अलग अलग कारणों से हैं आपके डर, आपके अलग कारणों से हैं। लेकिन इस युग में, हमारी दोनों की चिंताएं कहीं एकाकार होती हैं। यदि हम उसको समझते हैं, तो हम उन्हें दूर करने की दिशा में काम कर सकते हैं। आपको अपनी निजी चिंताओं से मुकाबला करने के लिए अकेले ही लड़ना होगा।

# कांग्रेस ने कहा कि प्रशासन को कश्मीर में 'भारत जोड़ो यात्रा' का रूट तय करने दीजिए

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व वाली ''भारत जोड़ो यात्रा'' को कश्मीर घाटी के अंदरूनी इलाकों से ले जाना चाहती है, लेकिन पदयात्रा के मार्ग का फैसला सुरक्षा एजेंसी



और जम्मू–कश्मीर प्रशासन पर छोड़ दिया गया है। कांग्रेस नेता चेतन चौहान ने यहां यह बात कही। ''भारत जोड़ो यात्रा'' के बृहस्पतिवार को जम्मू–कश्मीर में प्रवेश करने के बीच चौहान ने पीटीआई–से कहा, ''हमने यात्रा के लिए दो रास्ते तय किए हैं – एक राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर और दूसरा कश्मीर के अंदरूनी हिस्सों से। अब यह सुरक्षा अधिकारियों और प्रशासन पर निर्भर है कि वे हमें अनुमति देंगे या नहीं।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सुरक्षा कारणों से कश्मीर में यात्रा के मार्ग की जानकारी साझा नहीं की है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''हमने अभी तक कश्मीर में इस यात्रा के मार्ग के संबंध में जानकारी साझा नहीं की है क्योंकि हमें अब तक सुरक्षा अधिकारियों से मंजूरी नहीं मिली है।'' चौहान ने कहा, ''३० जनवरी को श्रीनगर के क्रिकेट स्टेडियम में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। यह एक ऐतिहासिक आयोजन होगा। इसको लेकर लोगों में उत्साह है।'' उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) सहित जम्मू–कश्मीर के १२ से १५ राजनीतिक दल यात्रा में शामिल होंगे। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई ''भारत जोड़ो यात्रा'' ३० जनवरी को श्रीनगर में संपन्न होगी, जहां राहुल जम्मू–कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

# फंदे से लटका युवक का शव मिला, परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन कोतवाली इलाके स्थित एक सोसाइटी के एक फ्लैट में एक युवक का शव पंखे के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना ओमेक्स सिटी की है, जहां मूल रूप से थाना मांट के गांव मांट राजा निवासी लक्ष्मण सिंह का पुत्र धर्मेंद्र सिंह (३०) अकेला रहता था। उन्होंने बताया कि वह बाल विकास विभाग में नौकरी करता था और बुधवार को उसकी ड्यूटी थी। उन्होंने युवक के पिता के हवाले से बताया कि बुधवार की शाम को उसे घर वालों ने फोन किया, लेकिन फोन स्विच अफ मिला। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसके पिता ने बृहस्पतिवार को उसे देखने के लिए छोटे बेटे को भेजा तो फ्लैट में उसका शव पंखे के फंदे से लटका मिला। एसपी सिटी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्यवाही पूरी की। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने बारीकी से सभी साक्ष्य एकत्र किए हैं तथा मामले की जांच शुरु कर दी गई है। उन्होंने बताया कि फ्लैट में शराब की बोतलें व कुछ प्लास्टिक गिलास मिले हैं,फर्श पर खून के भी कुछ दाग मिले हैं। सिंह ने बताया कि मृत युवक के पिता ने उसकी हत्या होने की आशंका प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है। वृन्दावन कोतवाली प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी युवक के शव की पोस्टमर्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद ही यह पता चल सकेगा कि युवक की मौत कैसे हुई।

# एनसीसी कैडेट का सशस्त्र बलों में कमीशन और अग्निवीर भर्ती को लेकर व्याख्यान का आयोजन

लखनऊ। २० यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट को सशस्त्र बलों में कमीशन और अग्निवीर के विभिन्न अवसरों, परीक्षाओं पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता



कर्नल विनोद जोशी, कमान अधिकारी २० यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी ने ३ घंटे के लगातार व्याख्यान में कैडेटों और छात्रों को, मस्तिष्क को क्रियाशील बनाने तथा सृजनात्मक अवसर का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। कर्नल विनोद जोशी ने सशस्त्र बलों में कमीशन के अवसर, एसएसबी, मेडिकल तथा अन्य विभिन्न परीक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने १२वीं क्लास से पीजी कलेज तक कमीशन के विभिन्न प्रकार बताएं। सैनिक बनने के लिए विभिन्न विभागों तथा उनकी योग्यता के बारे में भी बताया। गर्ल्स कैडेटो को प्रशिक्षण के तरीके भी बताए ताकि शारीरिक, लिखित और मेडिकल परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो सके। उन्होंने कैडेटों को बताया अग्निवीर योजना के बहुत अधिक लाभ है जो ४ वर्षों के उपरांत वैश्विक जगत में विभिन्न ४० सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे। कर्नल विनोद जोशी ने कैडेटों को ना केवल सेना में जाने के अवसर बल्कि कानून अधिकारी , शिक्षा अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी बनने के भी विस्तृत अवसर के लिए जागरूक किया। उन्होंने एनसीसी कैडेटों को एनसीसी श्सीश सर्टिफिकेट के महत्व को भी समझाया। जिससे कैडेटों को अग्निवीर नौसेना तथा वायु सेना आदि में जाने का विशेष अवसर मिल सकते है। कर्नल विनोद जोशी ने बालिका कैडेटों को अग्निवीर गर्ल्स भर्ती पर सशस्त्र बलों में लाभ भी बताएं। भारतीय सेनाओं में लेडीस अफसर और सैनिक बनने के विभिन्न तरीके, तैयारी और परीक्षाओं पर विस्तृत जानकारी भी एनसीसी बालिका कैडेटों को दी गई । कर्नल विनोद जोशी ने बताया भारतीय युवा, योग और ध्यान से मस्तिष्क को तीव्र सृजनात्मक विकास की ओर अग्रसर कर सकते हैं। आज की युवा कुशाग्र है, उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता कर्नल विनोद जोशी, कमान अधिकारी २० यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, श्री रामस्वरूप विश्वविद्यालय के डॉ नीरज जिंदल, रजिस्ट्रार, संरक्षक लेफ्टिनेंट डॉक्टर नैंसी गुप्ता, एएनओ ० यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, लेफ्टिनेंट नीलेश मिश्रा ए एन ओ, यूपी बटालियन एनसीसी और एनसीसी कैडेट सभागार में शामिल हुए।

# गृहमंत्री अमित शाह से बात करने पर बृजभूषण सिंह ने किया इनकार, बोले- हो रही साजिश

लखनऊ। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से किसी भी तरह की बात होने से इंकार किया है। मीडिया के सवाल करने पर सांसद ने कहा कि मेरी किसी से भी कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को बड़ी साजिश बताया है। गौरतलब है कि मीडिया में इस तरह की खबर आ रही है कि भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। जिसमें उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को लेकर सफाई दी है। मौजूदा समय में बृजभूषण सिंह गोंडा में अपने पैतृक आवास पर हैं और अभी तक मिली जानकारी के अनुसार वो ४ बजे एक प्रेस कन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखेंगे। आपको बता दें कि दिल्ली में धरने पर बैठे विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित देश के कुछ शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोचों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप की पदक विजेता और ओलिंपियन विनेश ने दावा किया कि कई कोच ने भी महिला पहलवानों का शोषण किया है। इन पहलवानों का कहना है कि मामले में हमें अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।अब तक केवल आश्वासन मिला है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हम इस मामले को तब तक नहीं छोड़ेंगे जब तक कि संघ के प्रमुख को हटा नहीं दिया जाता है और वो जेल नहीं जाते हैं।

# ऑनलाइन गेम खेलने से मां ने मना किया तो फंदे पर झूली आठवीं की छात्रा

लखनऊ। राजधानी के पारा के बलदेवखेड़ा में ऑनलाइन गेम खेलने से मना करना एक मां को बेहद बड़ी तकलीफ दे गया। इस बात से नाराज उसकी बेटी और आठवीं की छात्रा हर्षिता बाजपेई ने फांसी लगा कर जान दे दी। उसका शव लटका देखकर मां के होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बलदेवखेड़ा में रहने वाले मनीष की कुछ अरसे पहले मौत हो गई थी। पत्नी नीतू घरों में चौका बर्तन करके बेटी हर्षिता समेत तीन बच्चों को पाल रही है। मां नीतू ने बताया कि हर्षिता आठवीं कक्षा की छात्रा थी। उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता था। इस बात को लेकर मां उसको डांट देती थी। हर्षिता मोबाइल में गेम खेलती थी। कल मां ने उसको डांटा और मोबाइल छीन लिया। फिर वह काम पर चली गई। इसके बाद हर्षिता ने ये कदम उठाया। नीतू ने बताया कि ऑनलाइन क्लास होने की वजह से उन्होंने बड़ी मुश्किल से मोबाइल खरीदा था। लेकिन बच्चे मोबाइल में पढ़ाई कम और गेम ज्यादा खेलने लगे थे। इस बात को लेकर नीतू ने हर्षिता को कई बार टोका भी था। उनका कहना है कि अगर मालूम होता कि वह ऐसा कदम उठाएगी, तो वह उसको कुछ नहीं कहती। पुलिस के अनुसार १० वर्षीय हर्षिता बाजपेई बलदेव खेड़ा में मां नीतू के साथ रहती थी। मां ने बेटी को अनलाइन गेम छोड़कर पढ़ाई करने के लिए फटकार लगाई थी। इससे वह काफी नाराज हो गई थी। गुस्से में आकर उसने अपनी जान दे दी थी। हर्षिता के पिता मनीष की कई साल पहले मौत हो चुकी थी। मां लोगो के घरों में काम करके परिवार का खर्च चलाती है। सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# महाकुंभ २०२५ की तैयारियों को लेकर सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए यह बड़ा निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में २०२५ में होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खाका तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ-२०२५ की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ-२०२५ में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए रेल मंत्रालय से प्रयागराज से लखनऊ और दिल्ली तक सुपरफास्ट ट्रेन की व्यवस्थाएं कराने की अपील की जाए। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रयागराज तक संपर्क बेहतर बनाने तथा प्रयागराज-अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर मार्ग और लंबित सभी सड़क कार्यों को अक्टूबर २०२४ तक पूरा कराने के लिए अधिकारियों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से बातचीत करने को कहा। प्रदेश सरकार ने संबंधित सभी विभागों से २०२२-२३ के सभी लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए तय समय पर



उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बयान के अनुसार राज्य सेतु निगम को लंबित सेतुओं के निर्माण में तेजी लाने को कहा गया है वहीं, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, बाढ़ कार्य खंड, नगर निगम प्रयागराज, राज्य सड़क परिवहन निगम और पर्यटन विभाग को समय पर सभी कार्य संपन्न कराने को कहा गया है। महाकुंभ २०२५ के लिए एक वेबसाइट और ऐप भी तैयार किया जा रहा है।

# इंदिरा प्रदर्शिनी वार्ड आंदोलन में शामिल हुए सांसद संजय सिंह, जनता की समस्याओं को सुना

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर आप कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में वार्ड से जुड़ी समस्याएं जैसे नाली, बिजली, सड़क, गंदगी को लेकर हर वार्ड में आंदोलन कर रहे हैं। वहीं आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजधानी लखनऊ के इंदिरा प्रदर्शनी वार्ड नंबर ४० में समस्याओं को लेकर आंदोलन किया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह और निकाय चुनाव अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने भी धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने शीघ्र ही सीवर और गंदे पानी की समस्या को समाप्त करने की आवाज उठाई आप सांसद संजय सिंह ने बताया कि बिजली के बढ़ते दामों के विरोध में आम आदमी पार्टी २५ जनवरी को इको गार्डन में एक बड़ा आंदोलन करेंगी। जिसमें वह खुद भी शामिल होंगे। आप उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने धरना प्रदर्शन में पहुंचकर वहां की पीड़ित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि नाली, सीवर गड्ढे, बिजली, पानी यह सब आम जनता की बड़ी समस्याएं हैं, उनके निवारण के लिए लंबा समय लेना क्षेत्र के वर्तमान भाजपा सांसद, विधायक की लापरवाही को दर्शाता है क्योंकि इन समस्याओं से स्थानीय निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललित वाल्मीकि, अंकित परिहार मक्कड़, नूर सिद्दीकी, सईद सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, आलोक, शहीद भगत सिंह प्रथम कामता कश्यप, पूर्वी विधानसभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सिंह, पूर्वी विधानसभा उपाध्यक्ष समसुदीन, जिला उपाध्यक्ष संगीता जैसवाल, प्रीति वर्मा, वार्ड अध्यक्ष मोतीचंद, पूर्वी सचोव आफरीन, जोनी, युथ महानगर अध्यक्षअभिषेक सिंह, मैथलीसरण गुप्त वार्ड, नीरज गुप्ता, अयोध्या प्रान्त सदस्यललित तिवारी, पूर्वी उपाध्यक्ष रामचंद्र गौड़ लाल बहादुर शास्त्री प्रथम, पंकज श्रीवास्तव जिला सचिव, हिमांशु राणा उपस्थित रहे।


# कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत

उन्नाव। देश के चर्चित उन्नाव रेप कांड मामले में दोषी भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। दिल्ली हाई कोर्ट से भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिल गई है। आज सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट में कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। हालांकि कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को २७ जनवरी से १० फरवरी तक के लिए ही अंतरिम जमानत दी गई है। कुलदीप सिंह सेंगर को बेटी की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। उनकी बेटी ने अपनी शादी के लिए पिता की जमानत की गुहार दिल्ली हाई कोर्ट से लगाई थी। जिस पर दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। महिला से बलात्कार का ये मामला साल २०१७ का है। कोर्ट ने उन्नाव में महिला से बलात्कार के केस में दोषी पाए जाने के बाद भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने भी उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। सोमवार को कोर्ट ने बेटी की गुहार पर सेंगर को जमानत दे दी है।

# अद्भुत उर्वरक : मानव शव से बना उर्वरक

**अमरेन्द्र सहाय अमर ?**

उर्वरक फसलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है. हर किसान अछे उत्पादन के लिए अपने खेत में उर्वरक डालता ही है। मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए सिर्फ गोबर और दूसरे केमिकल युक्त फर्टिलाइजर का प्रयोग किया जाता रहा है लेकिन अब मिट्टी को उपजाऊ व खेती के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए मानव शव का प्रयोग किया जाएगा. इसके लिए अमेरिका ने कानूनी मंजूरी दे दी है. जी हां. अब मानव शव का इस्तेमाल खाद बनाने के तौर पर किया जाएगा और ऐसा करने वाला अमेरिका का वॉशिंगटन इस बिल को कानूनी तौर पर मंजूरी देने वाला दुनिया का पहला राज्य बन गया है. इससे अंतिम संस्कार के समय रिलीज होने वाले कार्बन में कमी आएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी. इस प्रक्रिया को री–कम्पोजिशन कहा जाता है. इस प्रक्रिया के तहत लोगों के पास यह विकल्प होगा कि वे खुद के शव को खाद बनाने के लिए दे सकें. बता दें कि ये नया नियम अगले साल मई से लागू होगा. रीकम्पोज की संस्थापक कैटरीना स्पेड का कहना है– रीकम्पोजिशन शव को दफनाने या अंतिम संस्कार का विकल्प प्रदान करता है. यह प्राकृतिक होने के साथ सुरक्षित और टिकाऊ है. इससे न केवल कार्बन उत्सर्जन रुकेगा बल्कि जमीन की भी बचत होगी. बता दे, सिएटल की एक कंपनी रीकम्पोज ने सबसे पहले मानव खाद बनाने का ऑफर दिया था. कैटरीना के मुताबिक, ''री–कम्पोजिशन की प्रक्रिया में हड्डियां और दांत तक पूरी तरह से गल गए. हमने ज्यादा तापमान बनाए रखा ताकि बैक्टीरिया शवों को पूरी तरह से गला दें'' रीकम्पोज प्रक्रिया में पहले जानवरों के शव को गलाकर खाद बनाई जाती थी. वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी ने पाया कि प्रक्रिया इंसानों के शव में भी री–कम्पोजिशन के लिए डेड बडी को एक स्टील के बक्से में, अल्फाल्फा और लकड़ी के बुरादे के साथ डाला जाता है. प्रोसेसिंग के लिए इसे तीस दिन के लिए रखा जाता है और इसके बाद डेड बॉडी गमलो में डाली जाने वाली मिट्टी में परिवर्तित हो जाती है. इस प्रक्रिया में किसी भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता, सिर्फ नेचुरल प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल किया जाता है....।










# मंत्री राकेश सचान ने किया सिल्क एक्सपो का उद्घाटन

लखनऊ। रेशम निदेशालय उत्तर प्रदेश हर साल रेशम उद्योग के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार सुलभ कराने, रेशम उद्योग का सर्वांगीण विकास कराने और शुद्ध सिल्क की पहचान कराने के उद्देश्य से सिल्क एक्सपो का आयोजन करता है। वहीं आज पर्यटन भवन में सिल्क एक्सपो २०२३ और पं० दीन दयाल उपाध्याय रेशम उत्पादकता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री, राकेश सचान ने किया। इसके अलावा कार्यक्रम में विशेष सचिव एवं निदेशक रेशम, उ०प्र०, सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, उप निदेशक (रेशम), सहायक निदेशक (रेशम), विभागीय कर्मचारी, कोया उत्पादक, धागाकरण उद्यमी और बुनकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में रेशम उत्पादन से वस्त्र



उत्पादन तक की सभी प्रक्रिया, रेशम कीटाण्ड उत्पादन, रेशम कीटपालन, कोया उत्पादन, चागाकरण और वस्त्र निर्माण की गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा सिल्क एक्सपो में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बंगाल, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्यों के ४० रेशम वस्त्र उत्पादकों, व्यापारियों, बुनकरों ने रेशम उत्पाद के स्टॉल लगाए हैं। इस दौरान रेशम कीटपालकों के बीच प्रतिस्पर्द्धा जगाने के उद्देश्य से शहतूती क्षेत्र के ३५, टसर क्षेत्र के ०६ एवं अरण्डी क्षेत्र के ०६ चयनित सर्वश्रेष्ठ रेशम कोया उत्पादकों और धागाकरण क्षेत्र से ०२ और बुनाई क्षेत्र से ०१ उद्यमी को ११००० रुपए का पुरस्कार और मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। सर्वोत्कृष्ट कोया उत्पादकों में शहतूती सेक्टर से अजीत सिंह पुत्र, गुरुनाम सिंह, जनपद लखीमपुर और केशवराम पुत्र, बैठू जनपद बहराइच, टसर सेक्टर से विनोद पुत्र, दुल्ली जनपद झासी, एरी सेक्टर से प्रेमपुजारी पुत्र, भोला नाथ जनपद चित्रकूट एवं धागाकरण क्षेत्र में कल्पीपारा प्रेरणा धागाकरण एवं रेशम उत्पादन समूह, बहराइच तथा औद्योगिक रेशम धागा उत्पादन समूह, जनपद पीलीभीत एवं सर्वश्रेष्ठ बुनकर हरी किशन मौर्या पुत्र, जगरनाथ जनपद वाराणसी रहे। वहीं इस दौरान पुरस्कृत लाभार्थियों को बधाई देते मंत्री राकेश सचान ने विभाग को यह भी निर्देश दिये कि प्रदेश में रेशम धागे की माँग और वर्तमान उत्पादन के मध्य उत्पन्न गैप को पूर्ण कराये जाने के उद्देश्य से और प्रभावी कदम उठाते हुये उद्देश्यपरक योजनायें संचालित करायी जायें, जिससे कि रेशम उत्पादन के साथ–साथ रेशम उत्पादकों की आय दो गुनी किये जाने के संकल्प को पूर्ण किया जा सके।

# गाजीपुर मृतकों के शवों की शिनाख्त अब तक नहीं कर पाए हैं परिजन

लखनऊ। नेपाल विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के चार व्यक्तियों शव घर लाने के लिए परिजनों का कष्टदायक इंतजार लंबा हो गया है, क्योंकि वे उनके शवों की अभी तक पहचान नहीं कर पाए हैं। पीड़ितों के परिजनों को अभी तक २५ शव दिखाये गए हैं और बाकी शव अब शुक्रवार या शनिवार को दिखाए जाएंगे। परिजनों के मुताबिक शवों को सौंपने में अभी और समय लग सकता है और यदि डीएनए परीक्षण की आवश्यकता पड़ी तो इसमें और समय लगेगा। नेपाल में रविवार को यति एयरवेज का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच भारतीयों समेत ७२ लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में शामिल अभिषेक कुशवाहा के भाई अभिनाश कुशवाहा ने नेपाल से फोन पर बताया, ''हमें २५ शव दिखाए गए जो बुरी तरह से जले हुए थे। अब उम्मीद है कि हमें शुक्रवार या शनिवार को और शव दिखाए जाएंगे। यहां (नेपाल में) नियम अलग हैं जिसके कारण शव सौंपने की प्रक्रिया में समय लगेगा।'' उन्होंने कहा, ''यदि हम शवों की पहचान नहीं कर पाए, तो डीएनए परीक्षण किया जाएगा, जो एक समय लेने वाली प्रक्रिया है।'' कुशवाहा ने कहा कि एक तस्वीर में उन्होंने एक जूता देखा, लेकिन उससे कुछ



पता नहीं चल सका। विमान में सवार चार गाजीपुर निवासियों की पहचान सोनू जायसवाल (३५), अभिषेक कुशवाहा (२५), विशाल शर्मा (२२) और अनिल कुमार राजभर (२७) के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के चार व्यक्तियों के परिवार के सदस्य शव वापस लाने के लिए सोमवार को काठमांडू के लिए रवाना हुए थे। सोनू जायसवाल के रिश्तेदार और गाजीपुर के चक जैनब गांव के ग्राम प्रधान विजय जायसवाल भी नेपाल में हैं। उन्होंने कहा, ष्आज तक पहचाने गए २५ शवों को सौंपे जाने के बाद, हमें पहचान के लिए कल और शव दिखाए जाएंगे।'' जायसवाल ने कहा, ष्यदि शवों की पहचान नहीं हो पाती है, तो डीएनए सैंपलिंग की जाएगी, जिसमें और समय लगेगा।'' उन्होंने दावा किया कि बिहार निवासी संजय जायसवाल (पांचवें भारतीय पीड़ित) के शव की पहचान कर ली गई है और उसे सौंपे जाने की संभावना है। विजय जायसवाल ने कहा कि उन्हें इस प्रक्रिया में भारतीय दूतावास से समर्थन मिल रहा है और उन्होंने उन लोगों को सड़क मार्ग से नेपाल भेजने के लिए गाजीपुर जिला प्रशासन की भी सराहना की। विमान हादसे में कई शव बुरी तरह जल गए थे जिससे परिवार के सदस्यों के लिए उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है।

# 'यूपी जी सिटी' अभियान की होगी शुरुआत

लखनऊ। यूपी के ४ शहरों में होने वाली जी–२० समिट की बैठकों को लेकर नगर विकास विभाग श्यूपी जी सिटीश नाम से एक बड़ा अभियान शुरू करेगा। इस अभियान ऐतिहासिक संस्कृति से परिचय कराया जाएगा। जी–२० समिट के प्रचार को लेकर२१ जनवरी को लखनऊ में वॉकाथान और ५ किलोमीटर की मिनी मैराथन का



में लखनऊ वाराणसी नोएडा और आगरा के अतिरिक्त आसपास के महत्वपूर्ण शहरों का विकास इस अभियान के तहत किया जाएगा। इसके तहत नगर विकास विभाग पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग और खेल विभाग की भी मदद ले रहा है। जी२० समिट में लखनऊ में होने वाली बैठकों में आने वाले मेहमानों का लखनऊ की भी आयोजन किया जाएगा। इन बातों की जानकारी लोक भवन में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दी। इस मौके पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव रंजन कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सिंह, खेल निदेशक आरपी सिंह मौजूद रहे। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जिन चार शहरों में जी २० की मीटिंग हो रही हैं, उनके आस पास के शहरों को भी चमकाया जाए। इसकी तैयारी नगर विकास विभाग कर रहा है , पूरे प्रदेश को मेहमान नावाजी के लिए यूपी जी सिटी नाम का अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा की प्रेस कन्फ्रेंस में कहा कि सभी मेहमानों के स्वागत के लिए हम तैयार हैं। शहर में सुंदरीकरण का काम भी किया जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भी देश विदेश के लोगों का स्वागत है। हम चाहते हैं कि हमारे मेहमान उत्तर प्रदेश भर में जाएं।

## अखिलेश के तेलंगाना दौरे पर केशव मौर्य ने कहा सपा अध्यक्ष देख रहे हैं मुंगेरीलाल के हसीन सपने

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के तेलंगाना दौरे पर यूपी के डिप्टी




सीएम केशव मौर्य ने तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जनता लगातार अहंकार का जवाब दे रही है, फिर भी वो मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने तेलंगाना में भी भाजपा की सरकार बनने का दावा किया। बताते चलें कि कल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तेलंगाना में थे ,जहां उन्होंने एक जनसभा को सम्बोधित किया था। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की सरकार को हटाने की बात कही थी।

## मुंबई पुलिस ने राखी सावंत को हिरासत में लिया

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री राखी सावंत को गुरुवार को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य महिला अभिनेत्री की शिकायत के आधार पर राखी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इसी सिलसिले में कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया। अभिनेत्री की शिकायत के बाद मुंबई में अंबोली थाने में सावंत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा ३५४ए,(अवांछित शारीरिक संपर्क के तौर पर यौन उत्पीड़न या पोर्नोग्राफी दिखाते हुए यौन संबंध बनाने का अनुरोध), ५०६ (किसी महिला की लज्जा भंग करने के उद्देश्य से शब्द, हावभाव या ृत्य) तथा ५०४ (शांति भंग करने के लिए उकसाने)और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि अंबोली थाने की एक टीम ने गुरुवार को राखी सावंत को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए उन्हें थाने लाए। राखी रिएलिटी टीवी शो बिग बॉस और फराह खान की फिल्म मैं हूं ना में अभिनय कर चुकी हैं।

## अमिताभ बच्चन बनाए नहीं जाते, पैदा होते हैं: जावेद अख्तर

लखनऊ। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन की प्रशंसा करने में कभी पीछे नहीं रहने वाले गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने शुक्रवार को कहा कि अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेता बनाए नहीं जाते, बल्कि वे पैदा होते हैं। जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) के १६वें संस्करण में डॉक्यूमेंटरी फिल्म निर्माता नसरीन मुन्नी कबीर के साथ अपनी नयी किताब 'टॉकिंग लाइफ' के बारे में बातचीत के दौरान अख्तर ने कहा कि बच्चन जैसे अभिनेता अपनी प्रतिभा के कारण महान हैं, इसलिए नहीं कि उन्हें किसी ने बनाया है। वह इस धारणा के बारे में एक सवाल



का जवाब दे रहे थे कि यह सलीम–जावेद (सलीम खान और जावेद अख्तर) की जोड़ी थी, जिन्होंने बच्चन को अपने द्वारा गढ़े गए पात्रों के माध्यम से लोकप्रिय बनाया, जिसमें 'जंजीर' (१६७३), 'शोले' (१६७५) और 'त्रिशूल' (१६७८) जैसी फिल्मों में अभिनेता द्वारा निभाई गईं भूमिकाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''जहां तक 'एंग्री यंग मैन' की बात है, तो वह छवि, वह किरदार जंजीर , दीवार , त्रिशूल जैसी फिल्मों से आया, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि मैंने अमिताभ बच्चन को बनाया है। आप अमिताभ बच्चन नहीं बनाते, वे पैदा होते हैं और वे अपनी प्रतिभा के कारण महान हैं, इसलिए नहीं कि किसी ने उन्हें बनाया है।'' बच्चन को एक असाधारण अभिनेता करार देते हुए पटकथा लेखक ने कहा कि वह तीन सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्हें हिंदी सिनेमा ने देखा है। उनके अनुसार, दो अन्य अभिनेताओं में दिलीप कुमार और बलराज साहनी का नाम शामिल है। बक्स अफिस पर बच्चन की पूर्व की असफलताओं के बारे में अख्तर ने कहा कि भले ही वह फिल्मों में काम कर रहे थे, लेकिन फिल्म उनके लिए काम नहीं कर रही थीं। पद्म श्री पुरस्कार विजेता ने कहा, ''कोई भी व्यक्ति जिसे अभिनय की थोड़ी भी समझ है, वह देख सकता है कि वह एक गलत फिल्म में काम करने वाला एक असाधारण अभिनेता है। पटकथा खराब है, या निर्देशन खराब है वगैरह... देखिए उन्होंने जंजीर , दीवार , शोले या त्रिशूल में किस तरह का प्रदर्शन किया है। ऐसा कौन कर सकता है?'' उन्होंने साहित्य उत्सव से इतर संवाददाता सम्मेलन में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड फिल्मों का बहिष्कार किए जाने की मुहिम से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि फिल्म देश के डीएनए में हैं और हमें भारतीय फिल्मों का सम्मान करना चाहिए। अख्तर ने भारतीय सिनेमा को दुनिया के सबसे मजबूत सद्भावना दूतों में से एक करार दिया।

## आलिया भट्ट की पहली हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' की रिलीज डेट आई सामने

मुंबई। अभिनेत्री आलिया भट्ट की पहली हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' ११ अगस्त २०२३ को ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। फिल्म में हलीवुड अभिनेत्री गैल गैडोट मुख्य भूमिका में हैं। इसमें जेमी डोर्नन, सोफी ओकोनेडो और मैथियस श्वेघोफर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन टॉम हार्पर ने किया है। नेटफ्लिक्स ने इसके साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ की 'एक्सट्रैक्शन २', एडम सैंडलर तथा जेनिफर एनिस्टन की 'मर्डर मिस्ट्री २', जैक स्नाइडर की 'रेबेल मून' और डेविड फिंचर की 'द किलर' की रिलीज तारीखों की भी घोषणा की है। 'मर्डर मिस्ट्री २' इस साल १३ मार्च को , 'एक्सट्रैक्शन २' १६



जून को, 'द किलर' १० नवंबर और 'रेबेल मून' २२ दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। नेटफ्लिक्स एक 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मंच है, जो इंटरनेट के माध्यम से फिल्म व अन्य डिजिटल सामग्री (कंटेंट) उपलब्ध कराता है।

## बस ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले में छापर थाना क्षेत्र के रामपुर चौराहे के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार रोडवेज बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अभी मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि बस सहारनपुर से मुजफ्फरनगर आ रही थी।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक